बातचीत | नवभारत से विशेष बातचीत में साझा किया सफलता का मंत्र

# संतुलित दिनचर्या और माता-पिता का मार्गदर्शन ही मेरी सफलता का राज : आर्यमन




**नवभारत,जबलपुर।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के जबलपुर ब्रांच के क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र आर्यमन सोलंकी ने नीट यूजी 2026 में 720 में से 696 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक 46 प्राप्त की है। इस उपलब्धि के साथ वे मध्य प्रदेश के स्टेट टॉपर बने हैं। आर्यमन की सफलता को उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासित तैयारी और आकाश के संरचित शैक्षणिक मार्गदर्शन का परिणाम बताया गया। इस वर्ष भी एईएसएल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप-10 में 4, टॉप-50 में 18 और टॉप-100 में 41 स्थान हासिल किए हैं।

### माता-पिता को दिया श्रेय

अपनी सफलता पर आर्यमन सोलंकी ने कहा कि एआईआर 46 हासिल करना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के विश्वास और आकाश के शिक्षकों के मार्गदर्शन, नियमित मॉक टेस्ट, डाउट सॉल्विंग सेशन और परफॉर्मेंस एनालिसिस को दिया। वहीं, एईएसएल के चीफ एकेडमिक्स एंड बिजनेस हेड डॉ. एच. आर. राव ने आर्यमन को बधाई देते हुए कहा कि उनका अनुशासन, निरंतरता और सीखने का जुनून उन्हें अन्य विद्यार्थियों से अलग बनाता है। उन्होंने कहा कि एईएसएल का आधुनिक लर्निंग इकोसिस्टम, अनुभवी फैकल्टी और व्यक्तिगत मेंटरिंग हर वर्ष हजारों छात्रों को मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार कर रहा है।

### जबलपुर को मेडिकल सुविधाओं में आत्मनिर्भर बनाना है सपना



नीट यूजी-2026 में ऑल इंडिया रैंक 46 हासिल कर मध्यप्रदेश में टॉप करने वाले संस्कारधानी के होनहार छात्र आर्यमन सोलंकी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। नवभारत से विशेष बातचीत में आर्यमन ने अपनी पढ़ाई की रणनीति, दिनचर्या, सोशल मीडिया के उपयोग और भविष्य के सपनों को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं, बल्कि उनके माता-पिता, शिक्षकों और आकाश इंस्टीट्यूट के मार्गदर्शन का परिणाम है। आर्यमन के पिता डॉ. फरेंद्र सोलंकी शहर के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट हैं, जबकि उनकी माता डॉ. अनुपमा सोलंकी प्रसिद्ध गायनेकोलॉजिस्ट हैं। उन्होंने कहा कि बचपन से ही घर का माहौल पढ़ाई, अनुशासन और मरीजों की सेवा से जुड़ा रहा, जिसने उन्हें हमेशा बेहतर करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, 'मम्मी-पापा ने कभी पढ़ाई का दबाव नहीं बनाया, बल्कि सही दिशा दिखाई और हर परिस्थिति में मेरा मनोबल बढ़ाया।

### दिनभर में कितने घंटे पढ़ाई करते थे?

जब उनसे पढ़ाई के घंटों और सफलता के फॉर्मूले के बारे में पूछा गया तो आर्यमन ने बताया कि उन्होंने कभी केवल घंटों की संख्या पर भरोसा नहीं किया, बल्कि गुणवत्ता के साथ पढ़ाई की। वह प्रतिदिन चार घंटे आकाश इंस्टीट्यूट में पढ़ाई करते थे और लगभग चार घंटे घर पर स्व-अध्ययन करते थे। उन्होंने कहा कि लगातार पढ़ाई करने के बजाय बीच-बीच में ब्रेक लेना और खुद को मानसिक रूप से तरोताजा रखना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि वह सोशल मीडिया से पूरी तरह दूर नहीं रहे। जरूरत के अनुसार सोशल मीडिया का उपयोग करते थे, दोस्तों से जुड़े रहते थे और खेलकूद व अन्य गतिविधियों का भी आनंद लेते थे। उनका मानना है कि यदि समय का सही प्रबंधन किया जाए तो पढ़ाई के साथ मनोरंजन भी संभव है। उन्होंने कहा, 'मैंने कभी खुद को केवल किताबों तक सीमित नहीं रखा। पढ़ाई के साथ जिंदगी को भी एंजॉय किया, जिससे तनाव कम रहा और पढ़ाई में बेहतर फोकस बना रहा।

### जबलपुर की मेडिकल व्यवस्था को विकसित करूंगा

भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए आर्यमन ने कहा कि उनका सपना अपने पिता की तरह यूरोलॉजिस्ट बनना है। उनका लक्ष्य केवल एक सफल डॉक्टर बनना नहीं, बल्कि जबलपुर की चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक आधुनिक एवं सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि आज भी कई गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए लोगों को नागपुर और अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। वह चाहते हैं कि भविष्य में जबलपुर में ही अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं विकसित हों, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज के लिए शहर से बाहर न जाना पड़े। उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि जबलपुर मेडिकल सुविधाओं के मामले में देश के अग्रणी शहरों में शामिल हो और यहां के लोगों को हर तरह का आधुनिक इलाज अपने ही शहर में उपलब्ध हो।' आर्यमन की यह सोच न केवल उनकी सफलता को विशेष बनाती है, बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और सेवा भाव को भी दर्शाती है। उनकी उपलब्धि ने पूरे मध्यप्रदेश, विशेषकर संस्कारधानी जबलपुर को गौरवान्वित किया है और वे हजारों मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए प्रेरणा बनकर उभरे हैं।



# इकिगाई प्रीस्कूल में मनाया गया स्थापना दिवस

**नवभारत, जबलपुर।** इकिगाई किड्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल, सेंट्रल कैंपस में संस्थापिका एवं चेयरपर्सन अर्पिता मालपानी के 60वें जन्मदिवस के अवसर पर फाउंडर्स डे (संस्थापक दिवस) अत्यंत हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। इस विशेष उत्सव के अवसर पर प्रीस्कूल के समस्त विद्यालय परिसर को बेहद आकर्षक और सुंदर जंगल थीम पर आधारित करके सजाया गया था। इस रचनात्मक सजावट में शामिल रंग-बिरंगे गुब्बारों, मनमोहक कलाकृतियों एवं विशिष्ट थीम ने पूरे विद्यालय को एक जीवंत, आकर्षक और उत्सवमय स्वरूप प्रदान कर दिया।

### बच्चों के लिए मनोरंजक खेल आयोजित


इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों के लिए अनेक मनोरंजक खेल एवं अत्यंत रोचक गतिविधियों का विशेष आयोजन किया गया था। इन सभी खेल-कूद की प्रतियोगिताओं में प्रीस्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने स्कूल परिसर में अपने प्रिय शिक्षकों एवं सहपाठियों के साथ मिलकर दिनभर विभिन्न गतिविधियों का जमकर आनंद उठाया और इस पूरे दिन को अपनी खेल भावना से बेहद प्रफुल्लित और खुशनुमा बना दिया।

### बच्चों की प्रस्तुतियां बनीं यादगार

इस दौरान नन्हें बच्चों द्वारा दी गई मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं उनकी प्यारी शुभकामनाओं ने समारोह को और भी अधिक यादगार बना दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के सीईओ प्रदीप गंगाधरन एवं प्राचार्या सोनिया कोच्चर ने अर्पिता मालपानी को उनके 60वें जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के निरंतर सहयोग, कठिन परिश्रम एवं अद्वितीय समर्पण की मुक्त कंठ से सराहना की, जिससे यह आयोजन अविस्मरणीय बन गया।

## एक नजर में

### हनुमान प्राण प्रतिष्ठा एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 को



**नवभारत, जबलपुर।** कटंगी स्थित प्रज्ञा धाम में 21 जुलाई को दक्षिण मुखी नीमबाले हनुमानजी की प्राण-प्रतिष्ठा और गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष आलोक कुमार नई दिल्ली एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. कैलाश गुप्ता विभाग संघचालक होंगे। समारोह की संयोजक प्रज्ञा पीठाधीश्वर मां साध्वी विभानंद गिरी ने बताया कि आयोजन के अंतर्गत दोपहर 12 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हनुमान जी के नेत्र दर्शन होंगे, जिसके बाद सवामन लड्डू का भोग, महाआरती एवं भंडारे का आयोजन किया गया है। संपूर्ण समारोह जगद्गुरु रामरंगी द्वाराचार डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज, श्रीमहंत कौशिक चेतन्य महाराज और महंत डॉ. साध्वी प्रज्ञा भारती महाराज के मंगल सानिध्य में होगा। विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष सुनील भागचंदानी, धर्माचार्य संपर्क प्रमुख मुन्ना पांडेय, प्रज्ञाधाम के ट्रस्टी देवेश्वर गिरी एवं राजेश पाठक प्रवीण ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### पंचायती कुआं हनुमान मंदिर में 108 दिवसीय महायज्ञ की पूर्णाहुति आज

**नवभारत, जबलपुर।** गोकलपुर स्थित पंचायती कुआँ वाले हनुमानजी मंदिर में आज 18 जुलाई को श्रीरामचरितमानस की प्रत्येक चौपाई से सात यजमानों द्वारा प्रथम यज्ञ की पूर्णाहुति यज्ञ के प्रतिष्ठाचार्य के महामंत्र जयघोष उच्चारणों से आहुति देकर की जाएगी। समिति के शिव गुप्ता, प्रमोद शुक्ला, अमित गुप्ता, हर प्रसाद पटेल, मनोज पटेल, गोपाल सोनी और अनूप दुबे ने बताया कि श्रीरामचरितमानस की प्रत्येक चौपाई से पूर्णाहुति यज्ञ का कार्यक्रम 24 घंटे चलेगा, जिसमें लगभग 2100 दानदाता, भक्तजन, व्यापारी बंधु, गणमान्य नागरिक एवं संस्कारधानी के संतों का आगमन यज्ञशाला में हो रहा है और वे अपने मुख से महामंत्र का उच्चारण करते हुए इस महायज्ञ में अपनी आहुति देंगे। समिति की महिला विंग की प्रेमा दीदी ने बताया कि 19 तारीख को विशाल भंडारे का कार्यक्रम होगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए श्रद्धालुओं से आने की अपील की है।

# अनुशासन में रहकर ही हासिल किया जा सकता है लक्ष्य : सिंह



**नवभारत ,जबलपुर।** क्राइस्ट चर्च स्कूल फॉर बॉयज एंड गर्ल्स आईएससी में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक (एसटीएफ) ए. वी. सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन में रहकर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है और सभी को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए जीवन में कड़ी मेहनत और सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने की सीख दी। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की गई। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य साजी थॉमस द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्पहार से किया गया।

### नव निर्वाचित विद्यार्थियों को बैच लगाकर किया अलंकृत

समारोह में मुख्य अतिथि एवं शिक्षकों द्वारा नव निर्वाचित छात्र-छात्राओं को बैच लगाकर अलंकृत किया गया। इसके बाद स्कूल की हेड गर्ल ने नव निर्वाचित छात्र-छात्राओं को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद सभी नवनिर्वाचित छात्र पदाधिकारियों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। इस शुभ अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन शाला के प्राचार्य द्वारा किया गया।

# श्रवण बाधित विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर



**नवभारत,जबलपुर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कृष्णमूर्ति मिश्र के मार्गदर्शन में शुक्रवार को शासकीय श्रवण बाधित विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती शक्ति वर्मा ने छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क विधिक सहायता, बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार, संरक्षण संबंधी कानूनी प्रावधानों तथा विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी समस्या की स्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

### नहीं मिल पाता भोजन

शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी समस्याएं भी साझा कीं। उन्होंने बताया कि उन्हें पर्याप्त मात्रा में नाश्ता एवं भोजन नहीं मिल पाता, जिससे पोषण संबंधी जरूरतें पूरी नहीं हो पातीं। साथ ही कक्षा 8वीं के बाद छात्रावास सुविधा नहीं होने से 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को दूरस्थ क्षेत्रों एवं अन्य जिलों से प्रतिदिन आवागमन करना पड़ता है। विद्यार्थियों ने परिवहन सुविधा, विद्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई और खेल मैदान के रखरखाव में सुधार की भी मांग की। कार्यक्रम के अंत में सचिव शक्ति वर्मा ने छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और पौधों की देखभाल का संदेश दिया।

# बाबू चन्द्रमोहन के जन्मोत्सव पर 24 को होगा चन्द्रोत्सव



**नवभारत, जबलपुर।** पूर्व मंत्री, समाजसेवी व उद्योगपति बाबू चन्द्रमोहन का 77वाँ जन्मोत्सव 24 जुलाई को शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में विभिन्न गरिमामय कार्यक्रमों के बीच मनाया जाएगा। इस मौके पर आयोजन समिति के संयोजक जादूगर एस. के. निगम ने बताया कि शुक्रवार को सर्वप्रथम दोपहर 12 बजे ज्ञान गंगा कॉलेज के डायरेक्टर रजनीश जैन के मुख्य आतिथ्य में शहीद स्मारक परिसर में औषधीय पौधों का रोपण और मिष्ठान वितरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, समारोह की कड़ी में 22 जुलाई को शाम 4:30 बजे साउथ एवेन्यू मॉल में हितकारिणी डेंटल कॉलेज द्वारा नि:शुल्क दंत चिकित्सा व दवा वितरण शिविर का आयोजन सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक गोपाल खांडेल के मुख्य आतिथ्य में होगा।

### संगीत संध्या और प्रतिभाओं का होगा सम्मान

जन्मोत्सव के मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत शाम 7 बजे से आयोजित रंगारंग समारोह में त्रिविधा डांस अकादमी द्वारा कथक नीलांगी के निर्देशन में गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। इसके पश्चात संगीत निर्देशक बबलू मैथ्यूज व मुन्ना गूजर के निर्देशन में नगर की चुनी हुई प्रतिभाओं का गायन 'ज्वेल्स ऑफ वॉइस' होगा, जिसमें गायक-गायिकाएं अपने सुमधुर गीत प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर संभागीय बाल भवन के राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान चन्द्रमोहन के व्यक्तित्व व कृतित्व पर पूर्व विधायक नित्यनिरंजन खम्परिया, वरिष्ठ नेता मदन तिवारी, डॉ. राजेश धीरावणी, इंदिरा पाठक और पूर्व न्यायाधीश मीना भट्ट अपने विचार साझा करेंगे।

# कुलगुरु प्रो. वर्मा ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण



**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक की दूसरी पाली में चल रही बी.बी.ए., बी.सी.ए. और बी.कॉम द्वितीय वर्ष 2025 की परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के तीन प्रमुख परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया, जिसमें प्राचार्य डॉ. संजय तिवारी की उपस्थिति में नवयुग कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, प्राचार्य डॉ. अभिजातकृष्ण त्रिपाठी की उपस्थिति में श्रीजानकीरमण महाविद्यालय तथा प्राचार्य डॉ. आशुतोष दुबे एवं डॉ. ध्रुव दीक्षित की उपस्थिति में केशरवानी महाविद्यालय शामिल थे। इस दौरान कुलगुरु प्रो. वर्मा ने परीक्षा केंद्रों के प्राचार्यों और परीक्षा ड्यूटी में तैनात वीक्षकों से चर्चा करके परीक्षा संचालन की विस्तृत जानकारी ली तथा सभी केंद्रों की सुरक्षा व प्रबंधकीय व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।

# युवा यादव महासभा प्रतिभावान बच्चों को करेगी सम्मानित

देशभर से जुटेंगे प्रतिनिधि

**नवभारत, जबलपुर।** युवा यादव महासभा, जबलपुर द्वारा 19 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया जाएगा। पत्रकारों को जानकारी देते हुए शहर अध्यक्ष शशांक यादव ने बताया की समाज के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित समारोह में 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में 65 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों का सामाजिक मंच से सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया की प्रतिभा सम्मान समारोह अमखेरा पानी की टंकी के पास मैरिज गार्डन में आयोजित होगा। समारोह में समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में समाजबंधु शामिल होंगे। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना और समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया की इससे पूर्व सुबह 10 से 12 बजे तक कृषि महाविद्यालय परिसर में युवा यादव महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित होगी। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में संगठन के विस्तार, सामाजिक गतिविधियों और भविष्य की कार्ययोजना सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव, शहर अध्यक्ष चंदन सिंह यादव, महिला शहर अध्यक्ष तृप्ति यादव, युवा शहर अध्यक्ष शशांक यादव, प्रदेश महासचिव श्रीमती कमलेश यादव, पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रदीप यादव सहित अशोक यादव, विजय यादव, सुनील यादव, पवन यादव, शिवम यादव, संदीप यादव, भानु यादव, संतोष यादव एवं पंकज यादव उपस्थित रहे।

# पूर्व महापौर विश्वनाथ दुबे की जयंती पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कांडा की विज्ञप्ति के अनुसार, पूर्व महापौर विश्वनाथ दुबे की 87वीं जयंती नगर निगम मुख्यालय के सामने नेहरू उद्यान में उनकी प्रतिमा के समक्ष मनाई गई। सर्वप्रथम सभी गणमान्य नागरिकों और उनके परिवार के सदस्यों ने पुष्पांजलि अर्पित की, जिसके बाद श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी सामाजिक संस्थाओं, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और फिनेक्स परिवार ने उन्हें याद किया। वक्ताओं ने कहा कि उनके कार्यकाल में एशियाई विकास बैंक से जबलपुर के लिए लोन मिलने के कारण ही आज जबलपुर महानगर की श्रेणी में खड़ा हुआ है और आज शहर में जो भी विकास कार्य हो रहे हैं, वह उनकी दूरगामी सोच का ही परिणाम है। उन्होंने महापौर रहते हुए नगर निगम से एक पैसा भी मानदेय नहीं लिया।

### समाज कल्याण के पथ पर चलने का दोहराया संकल्प

सभा को संबोधित करते हुए उनके दामाद सुमित कालिया और पुत्री गौरा दुबे कालिया ने उनके बताए मार्ग, सद्कर्मों और समाज सेवा पर सदैव चलने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि फिनेक्स ग्रुप निरंतर समाज कल्याण के कार्य करता रहेगा। समारोह में पूर्व वित्त मंत्री तरुण भानोत, राममूर्ति मिश्रा, दिनेश यादव, डॉ. आलोक चंसौरिया, डॉ. आलोक मिश्रा, विनय सक्सेना, संजय यादव, राधेश्याम चौबे, मदन तिवारी, राजेंद्र चौधरी, शेखर दुबे, डॉ. अन्नू दुबे, झल्लेलाल जैन, तेज कुमार भगत, कमलेश अग्रवाल, अशोक सेठी, पूर्व सीएसपी कालरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश राठौर ने किया।

अभियान | जीसीएफ वर्क्स कमेटी चुनाव को लेकर संयुक्त मोर्चा का जनसंपर्क अभियान हुआ तेज

# कर्मचारियों की आवाज मजबूत करने के लिए एकजुट हुआ संयुक्त मोर्चा



**नवभारत, जबलपुर।** गन कैरिज फैक्ट्री (जीसीएफ) में 25 जुलाई को होने वाले वर्क्स कमेटी चुनाव के मद्देनजर संयुक्त मोर्चा मिले हाथ-चक्र का जनसंपर्क अभियान गति पकड़ रहा है। फैक्ट्री के विभिन्न विभागों में कर्मचारियों के साथ किए जा रहे सघन संवाद के दौरान संगठन को लगातार सकारात्मक प्रतिक्रिया और व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। इस मौके पर श्रमिक संघ मिले हाथ के अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल, महामंत्री राकेश रजक एवं श्रमिक सेवा संघ के राजेश जाम्बुलकर ने साझा किया कि इस चुनाव का मुख्य ध्येय मात्र प्रतिनिधि चुनना नहीं है, बल्कि कर्मचारियों की सामूहिक आवाज़ को बुलंद करना है। संगठन पूरी निष्ठा के साथ वर्क्स कमेटी को कर्मचारियों और प्रबंधन के मध्य एक प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी सेतु के रूप में स्थापित करने के लिए संकल्पित है।

### उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दे

कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए बीपीएमएस के पूर्व जेसीएम-3 रहे राम प्रवेश सिंह ने रेखांकित किया कि जनसंपर्क के दौरान कर्मचारियों की प्रमुख चिंताओं को प्रमुखता से उठाया गया है। इनमें सुरक्षित कार्यस्थल का निर्माण, बेहतर कार्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, कैंटीन व्यवस्था में सुधार, आवास एवं कॉलोनी की बुनियादी समस्याओं का त्वरित निवारण, कर्मचारियों के आत्मसम्मान की रक्षा और उनके लंबे समय से लंबित हितों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाना शामिल है।

### विश्वसनीयता पर भरोसा

श्रमिक संघ मिले हाथ के पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया कि संगठन सदैव धरातल पर कर्मचारियों के सुख-दुख में सहभागी रहा है और भविष्य में भी प्रत्येक कर्मचारी की हर जायज समस्या को पूरी मजबूती से उठाने के प्रति प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कर्मचारी वर्ग किसी भी प्रकार के भ्रामक प्रचार या बाहरी दिखावे के बहकावे में आए बिना, संगठन द्वारा किए गए पूर्व कार्यों, उसकी विश्वसनीयता और निरंतर सक्रियता के आधार पर ही अपना मत तय करेगा।

### होगी कर्मचारी हितों की रक्षा

इसी कार्यक्रम में सीईसी कुंवर अजय एवं आईआर मनोज धर्मंजन ने स्पष्ट रुख अपनाते हुए कहा कि उनका उद्देश्य किसी भी व्यक्ति या अन्य संगठन पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना कतई नहीं है, बल्कि एक सकारात्मक सोच के साथ विशुद्ध रूप से कर्मचारी हितों की रक्षा करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक सशक्त और आदर्श वर्क्स कमेटी वही कहलाएगी जो हर एक कर्मचारी की बात को गंभीरता से सुने, उसे समय पर उठाए और स्थायी समाधान निकालने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। अंत में, श्रमिक संघ मिले हाथ ने सभी कर्मचारियों से पुरजोर अपील की है कि वे 25 जुलाई को बढ़-चढ़कर मतदान करें और ऐसे योग्य प्रतिनिधियों को चुनें जो राष्ट्र हित, उद्योग हित तथा मजदूर कल्याण की भावना के साथ पूरी ईमानदारी से उनकी सेवा कर सकें।

# पीएम श्री विद्यालय में साईकिल वितरण एवं सम्मान समारोह



**नवभारत, जबलपुर।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेला में नि:शुल्क साइकिल वितरण, वार्षिक पत्रिका 'उदिता' का विमोचन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि पनागर विधायक सुशील तिवारी ने छात्राओं को शिक्षा, संस्कार, अनुशासन व आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। उन्होंने विद्यालय विकास के लिए कई घोषणाएँ कीं, जिसमें पात्र प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रतिवर्ष 5,000 रुपये प्रोत्साहन राशि देना शामिल है ताकि उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रेरणा मिले। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य आशीष पंड्या ने की। इस दौरान मेधावी छात्राओं का सम्मान और पात्र छात्राओं को साइकिलें बांटी गईं। साथ ही, डॉ. शुभम जैन के अथक परिश्रम, समर्पण व रचनात्मक नेतृत्व में संपादित पत्रिका 'उदिता' के द्वितीय संस्करण का लोकार्पण हुआ।

### शिक्षिकाओं का रहा विशेष योगदान

कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा शिक्षिकाओं नीलिमा श्रीवास्तव व सुनीता शुक्ला का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने पात्र छात्राओं के चयन, दस्तावेजों के सत्यापन और वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित ढंग से पूरा किया। मंच संचालन मनीषा कश्यप व आशुतोष बाजपेयी ने किया। संपूर्ण आयोजन का सफल संयोजन रजनीश पाण्डेय, मंजुला मलिक व हेमलता राजोरिया द्वारा किया गया। अंत में सतीश चौबे ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों व शिक्षकों का आभार जताया। विद्यालय परिवार ने धन्यवाद देते हुए कहा कि यह आयोजन छात्राओं के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा। समारोह में नगर परिषद बरेला अध्यक्ष प्रतीक दुबे और संदीपनी स्कूल प्राचार्य डी. के. गुप्ता सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।